Title: Need to associate MPs in the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna for its proper implementation.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का मध्य प्रदेश की ग्रामीण सड़कों के विकास हेतु 428 करोड़ रुपया एक र्वा से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया भोपाल में रखा हुआ है । 52 पैकेज में से सिर्फ 25 पैकेज में एग्रीमेंट हुआ है पर वर्क ऑर्डर सिर्फ सात जिलों को दिया गया है । किसी भी मार्ग से अतिक्रमण अलग नहीं करवाया गया तथा अतिक्रमण ठोकेदारों से अलग करवाने को कहा जा रहा है । बिल नहीं देने पर ठेकेदार कार्य बन्द कर रहे हैं । काम सिर्फ सागर, ग्वालियर, शिवपुरी में शुरू हुआ है । दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना में छ: छ: बार निविदायें बुलाई गई पर आज तक किसी भी निविदा पर निर्णय नहीं लिया गया । तीसरी किस्त आने को है पर पहली किस्त में से एक रुपया भी खर्च नहीं हुआ है ।

अत: केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि योजना के ठीक ढंग से कार्यान्वयन हेतु संसद सदस्यों को मॉनीटरिंग अधिकार देने का सहयोग करें ।